मूल्य 1 रु.
वर्ष: 15 - अंक : 63, मुंबई, मंगलवार, 24 जून, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान
दैनिक
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
# मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# कैफे की आड़ में देहव्यवसाय

## दामिनी पथक का छापा, 13 लोग गिरफ्तार




कैफे में 200 रुपए में 1 घंटे के लिए केबिन में युवाओं को सीट मुहैया कराई जा रही थी। कुछ महीने पहले शहर की पुलिस ने कैफे के पीछे खट्टी-मीठी आशिकों का अड्डा चलाने वाले कुछ कैफे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की थी और कुछ कैफे को सील भी किया था। लेकिन कार्रवाई बंद होने के बाद से कुछ कैफे संचालकों ने युवक-युवतियों को अश्लील हरकतों के लिए जगह देना शुरू कर दिया है...

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**अमरावती।** शहर में संचालित एक साइबर कैफे में लड़के-लड़कियों को 200 रुपए में एक घंटे के लिए केबिन में जगह दी जाती है। बेशक, इस जगह पर अश्लील धंधा चल रहा है, यह बात सामने आई है। अमरावती शहर पुलिस की दामिनी टीम द्वारा की गई कार्रवाई में इस चौंकाने वाली घटना का खुलासा हुआ है। उक्त कार्रवाई में 13 युवकों को हिरासत में लिया गया है। दामिनी टीम ने अमरावती शहर के तीन कैफे और छत्री तालाब के पास एक सुनसान जगह पर छापा मारकर 13 युवकों को हिरासत में लिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# गडकरी को पुलिस ने रोका




## पुणे में सुरंग की समीक्षा करने जा रहे थे मंत्री

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के साथ पुणे में अजीब वाकिया हुआ। सड़क परियोजना की समीक्षा करने गए मंत्री को पुलिस ने रोक दिया। जिसके बाद गडकरी को अपना दौरा रद्द करना पड़ा। भाजपा विधायक हेमंत रसाने ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि पुलिस के केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उनसे अनुरोध किया था। पुणे शहर में बढ़ती यातायात भीड़ का हवाला देते हुए पुलिस प्रशासन की सलाह के बाद सोमवार को अपने निरीक्षण दौरे को बीच में ही रोकना पड़ा। केंद्रीय मंत्री गडकरी को पुणे के भीड़भाड़ वाले पुराने शहर के इलाके, खास तौर पर शनिवार पेठ में यातायात को आसान बनाने के लिए डिजाइन की गई प्रस्तावित 4 लेन वाली भूमिगत सुरंग परियोजना की समीक्षा करनी थी। इस योजना में दो सुरंगों का निर्माण शामिल है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# तनख्वाह नहीं मिली तो युवक ने फूंक दिए मालिक के 2 ट्रक



## दमकल ने आग बुझाई, लेकिन केबिन जलकर खाक

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** नाराजगी जब सीमा लांघती है, तो इंसान कुछ ऐसा कर बैठता है जिससे खुद ही पछतावे का धनी हो जाता है। नागपुर के ग्रेट नाग रोड पर सोमवार रात एक ड्राइवर ने वेतन नहीं मिलने से गुस्सा होकर अपने पूर्व मालिक के 2 ट्रकों में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी। आग इतनी भीषण थी कि कुछ ही मिनटों में दोनों ट्रकों के केबिन जलकर खाक हो गए। दमकल विभाग की 2 गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लाखों का नुकसान हो चुका था। इमामवाड़ा पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान आकाश टेकाम (30 वर्ष, निवासी बेलतरोड़ी) के रूप में हुई है, जो पूर्व में ट्रक मालिक सिदप्पा इरय्या सोरलोट (37 वर्ष) के यहाँ ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# 5वीं से 8वीं तक हिंदी की अनिवार्यता खत्म

## मंत्री आशीष शेलार का दावा : गलतफहमियों के कारण हो रहा विरोध

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के प्राथमिक स्कूलों में कक्षा 1 से लेकर 5वीं तक हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाए जाने के राज्य की महायुति सरकार के निर्णय का जोरदार विरोध किया जा रहा है। इस पर राज्य के सांस्कृतिक मामलों के मंत्री एवं मुंबई भाजपा के अध्यक्ष आशीष शेलार ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में केवल मराठी भाषा ही अनिवार्य है। भाजपा अध्यक्ष आशीष शेलार ने कहा कि राज्य में पहली से तीसरी भाषा के रूप में हिंदी को अनिवार्य नहीं किया गया है। बल्कि हमारी सरकार ने पांचवी से आठवीं तक की कक्षाओं से भी हिंदी की अनिवार्यता को खत्म कर दिया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)




### विरोध में उतरे साहित्यकार

दूसरी तरफ जाने-माने मराठी कवि और महाराष्ट्र सरकार से पुरस्कार प्राप्त साहित्यकार हेमंत दिवटे ने महायुति सरकार के तीन भाषा नीति के विरोध में अपना साहित्यिक सम्मान वापस लौटाने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि मैं स्कूलों में कक्षा 1 से 5 तक हिंदी को तीसरी भाषा के रूप में लागू करने का सख्त विरोध करता हूं। दिवटे को 2021 में पॅरानोइया कविता संग्रह के लिए महाराष्ट्र सरकार द्वारा कवी केशवसुत पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### समस्या तो बरकरार है

**महिलाओं का जो 35.1 फीसदी हिस्सा श्रम शक्ति में भागीदार है, उनमें दो तिहाई स्वरोजगार श्रेणी में है। उनके बीच एक बड़ा हिस्सा उनका है, जो अपने घरेलू कारोबार में योगदान करती हैं। उन्हें अपने काम के बदले कोई तनख्वाह नहीं मिलती।**

भारत में कामकाजी उम्र वर्ग की महिलाओं की कुल श्रम शक्ति में बेहद कम मौजूदगी पर परदा डालने की लगातार कोशिश की गई है। इसके लिए कामकाजी माने जाने वाले व्यक्ति की परिभाषा तक को बदल दिया गया। घरेलू कामकाज में योगदान करने वाली महिलाओं को श्रम शक्ति में शामिल दिखाने के लिए इसमें अवैतनिक स्वरोजगार की नई श्रेणी जोड़ी गई। उससे श्रम शक्ति भागीदारी दर (लेबर फोर्स पार्टिशिपेशन रेट- एलएफपीआर) के सरकारी आंकड़ों में कामकाजी महिलाओं की अधिक संख्या में दिखाने का प्रयास हुआ। मगर ऐसी कोशिशों से मीडिया हेडलाइन्स को चाहे जितना सुधार लिया जाए, तब कोई बारीक अध्ययन होता है, तो सच्चाई सामने आ जाती है। वर्ल्ड इकॉनमिक फोरम (डब्लूईएफ) की जेंडर गैप रिपोर्ट- 2025 ऐसा ही एक दस्तावेज है। डब्लूईएफ ने 148 देशों का जो सूचकांक तैयार किया है, उसमें भारत को 131वें स्थान पर रखा गया है। स्पष्टतः इस सूचकांक से भारत की बेहद कमजोर छवि उभरी है। सूचकांक तैयार करते समय एलएफपीआर में महिलाओं की स्थिति को प्रमुख पहलू माना गया। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में कामकाजी उम्र वर्ग के 76.4 फीसदी पुरुष और 35.1 फीसदी महिलाएं श्रम शक्ति में शामिल हैँ। यानी कामकाजी उम्र वर्ग के 23.6 प्रतिशत पुरुष और 64.9 प्रतिशत महिलाएं कार्यरत या काम की तलाश में शामिल नहीं हैं। कई व्यक्ति काम करने की जरूरत ना होने की वजह से काम की तलाश नहीं करते, मगर ज्यादातर ऐसे व्यक्ति वो होते हैं, जो तमाम प्रयास करने के बाद भी निराशा हाथ लगने पर आखिरकार काम की तलाश छोड़ देते हैं। जहां तक महिलाओं की बात है, तो उनका जो 35 फीसदी हिस्सा श्रम शक्ति में भागीदार है, उनमें 66 प्रतिशत स्वरोजगार श्रेणी में है। उनके बीच एक बड़ा हिस्सा उनका है, जो अपने खेती या पति की दुकान आदि जैसे कारोबार में योगदान करती हैं। उन्हें अपने काम के बदले कोई तनख्वाह नहीं मिलती। ऐसे काम में शामिल व्यक्ति को श्रम शक्ति का हिस्सा माना जाए, यह अपने-आप में विवादास्पद है। वैसे ये चर्चा अब पुरानी पड़ने लगी है, मगर डब्लूईएफ की रिपोर्ट ने उस पर फिर रोशनी डाल दी है।

# गुरु नानक खालसा कॉलेज व ह्यूमन योग फाउंडेशन द्वारा 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्यता से संपन्न

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** माटुंगा स्थित गुरु नानक खालसा कॉलेज एवं द ह्यूमन योग फाउंडेशन, वर्ली मुंबई के संयुक्त तत्वावधान में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भव्य रूप से मनाया गया। इस कार्यक्रम का सफल संयोजन कॉलेज की सह-निदेशक डॉ. श्रीमती जसवीर कौर के मार्गदर्शन में हुआ। इस विशेष अवसर पर 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कॉलेज के शिक्षकगण और छात्र-छात्राओं की सक्रिय भागीदारी से यह कार्यक्रम अत्यंत प्रभावशाली और जनजागरूकता से भरपूर रहा।




पूरे योग सत्र का संचालन अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट योगाचार्य श्री राधेश्याम जी द्वारा किया गया। उन्होंने न केवल योगाभ्यास कराया, बल्कि प्रत्येक आसन की सूक्ष्म जानकारी भी सरल शब्दों में दी, जिससे उपस्थित सभी लाभान्वित हुए। योग गुरु राधेश्याम जी के साथ सह-योग प्रशिक्षक श्रीमती मनीषा टैंकर, श्री नीरज, श्री संजय और श्री जायसी ने भी सराहनीय सहयोग दिया। इनके संयुक्त प्रयास से योग दिवस का आयोजन आरंभ से समापन तक अनुशासित, सशक्त और प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज की सह-निदेशक डॉ. जसवीर कौर ने सभी प्रतिभागियों, आयोजकों और योग शिक्षकों का आभार व्यक्त करते हुए अपने संतोष और गर्व को साझा किया।

# कबीर कोहिनूर सम्मान से फिर सम्मानित होंगे डॉक्टर सैयद खालिद कैस

**मुंबई।** पत्रकार सुरक्षा एवं कल्याण के लिए प्रतिबद्ध अखिल भारतीय संगठन प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर सैयद खालिद कैस एडवोकेट का इस वर्ष भी कबीर कोहिनूर सम्मान के लिए चयन हुआ है। चयन समिति (कार्यक्रम संयोजक)डॉ. अभिषेक कुमार द्वारा जारी सूची अनुसार डॉक्टर सैयद खालिद कैस एडवोकेट का चयन नेतृत्वकर्ता के रूप में कबीर कोहिनूर सम्मान के लिए अखिल भारतीय कबीर मठ सदगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू, तहसील जायल, जिला नागौर राजस्थान, भारत के प्रमुख भारत भूषण श्री महंत डॉ. नानक दास जी महाराज द्वारा किया गया है। श्री कैस को 2024 में भी पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कबीर कोहिनूर सम्मान किया जा चुका है।

संगठन की राष्ट्रीय संगठन महासचिव श्रीमती शशि दीप मुंबई को भी साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 2024में कबीर कोहिनूर सम्मान से नवाजा जा चुका हैं। इस वर्ष संगठन की राजस्थान इकाई डिजिटल मीडिया विभाग के संयोजक बाबू लाल नागा को पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित किया जायेगा। संगठन की राष्ट्रीय संगठन महासचिव श्रीमती शशि दीप मुंबई अंतर्राष्ट्रीय ब्लॉगर साहित्यकार लेखिका के अनुसार डॉक्टर श्री सैयद खालिद कैस मध्यप्रदेश की



राजधानी भोपाल शहर के जाने-माने वरिष्ठ अधिवक्ता, वरिष्ठ पत्रकार, सम्पादक, राजनीतिक समीक्षक, आलोचक, लेखक, शायर, समाजसेवी समाजसुधारक, व विभिन्न राष्ट्रीय संगठनों के संस्थापक हैं। बचपन से ही साहित्यिक व सांस्कृतिक क्षेत्रों में रुझान व सूत्रधार के रूप में भूमिका निभाना उनका पसंद रहा। 08 अप्रैल 1974 मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जन्म डॉक्टर सैयद खालिद को शुरू से पढ़ाई लिखाई में खासी रूचि थी, उन्होंने उर्दू सहित 2 विषयों एम.ए.। (राजनीति शास्त्र) तथा अपराध शास्त्र में एल.एल.बी. की है। इसके अलावा इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविधालय दिल्ली से CAFE, CHR ,CRD जैसे अत्यंत उपयोगी सर्टीफिकेशन अर्जित किये। यह 23 साल की उम्र में अधिवक्ता बने लेकिन सतत देश हित के कई मुहीम के सूत्रधार बने रहे और फिर प्रेस क्लब ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स, गुरु द्रोणाचार्य विद्यापीठ जैसे अखिल भारतीय संगठन की स्थापना के बाद हज़ारों पत्रकार साथी उनके साथ जुड़कर पत्रकार सुरक्षा व कल्याण के उनके उद्देश्य को सफल बनाने के मुहिम में लगे हुए हैं। श्री कैस को विधि व्यवसाय सहित पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए 2005 से 2025 तक निरंतर सम्मानों से नवाजा जाता रहा है। इन्टरनेशनल एक्सिलेंस अवार्ड मुम्बई अप्रैल 2020,मदर टेरेसा सम्मान नागपुर मई 2021,भारत भूषण सम्मान अगस्त 2021,एन.एम.एफ.आई एक्सिलेंस अवार्ड पत्रकारिता क्षेत्र में मीडिया उत्थान हेतू जुलाई 2021 देहरादून उत्तराखण्ड,राष्ट्रीय साहित्य रत्न सम्मान दिसम्बर 2021,संत माधवानन्द सर्वधर्म सम्मान निर्दलीय प्रकाशन भोपाल 2022,विश्व साहित्य रत्न सम्मान 2022,भागवत प्रसाद स्मृति समन्वय सेवा सम्मान छत्तीसगढ,मीडिया एक्सीलेंस अवार्ड मुम्बई 2023,नेशनल महात्मा गांधी रत्न अवार्ड ,नेशनल प्रेस अवॉर्ड 2024 कोलकाता, कबीर कोहिनूर सम्मान 2024 दिल्ली, विश्व रत्न सम्मान 2024 , भारत श्री सम्मान नैशनल अवार्ड 2025 प्रदान किया गया है। डॉ सैयद ख़ालिद कैस को 30 वर्ष से अधिक समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी महती भूमिका निभाने पर₹ पेरिस फ्रांस स्थित द थेम्स इंटर नेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा वर्ष 2023में (मीडिया एंड जर्नलिज्म) में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया जा चुका है।



# वेद और आर्य समाज के लिए समर्पित हैं स्वामी आर्यवेश : राष्ट्रीय अनिल आर्य

**राजस्थान।** आर्य समाज की सर्वोच्च संस्था सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा नई दिल्ली के प्रधान स्वामी आर्यवेश का 74 वाँ जन्मदिन वैदिक साधन आश्रम नालापानी, तपोवन में सौल्लास मनाया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्मा हरीश मुनि ने यज्ञ से करवाया। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि स्वामी आर्यवेश जी का सम्पूर्ण जीवन वेद,आर्य समाज व महर्षि दयानन्द केतपोवन आश्रम के मंत्री प्रेम प्रकाश शर्मा ने कुशल संचालन करते हुए कहा कि स्वामी जी आर्य समाज के गौरव हैं हम आपके स्वस्थ जीवन दीर्घ आयु की कामना करते हैं। बहिन पूनम आर्या, प्रवेश आर्या, विरजानन्द आर्य, राजवीर आर्य , प्रवीण आर्या पिंकी, आस्था आर्या ने भी अपनी शुभकामनायें प्रदान की।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साई मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# शिक्षकों को सशक्त बनाने की पहल

## एसआईईएस -इंस्टीट्यूट ऑफ कॉम्प्रिहेन्सिव एजुकेशन (आईसीई) और एचडीएफसी बैंक का ऐतिहासिक सीएसआर उपक्रम, 85% तक की छात्रवृत्ति का अवसर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** साउथ इंडियन एजुकेशन सोसाइटी (एसआईईएस) ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ मिलकर अपने कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) कार्यक्रम 'परिवर्तन' के अंतर्गत, एसआईईएस इंस्टीट्यूट ऑफ कॉम्प्रिहेन्सिव एजुकेशन (एसआईईएस-आईसीई) के माध्यम से एक परिवर्तनकारी सामाजिक पहल की घोषणा की है। इस पहल का मुख्य उद्देश्य अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन (प्रारंभिक बाल शिक्षा) में करियर बनाने की इच्छुक पात्र महिला उम्मीदवारों को 85% तक की छात्रवृत्ति प्रदान करना है। यह संयुक्त पहल न केवल महिला सशक्तिकरण के मिशन को मजबूत करता है, बल्कि भारत की शिक्षा प्रणाली की नींव माने जाने वाले प्रारंभिक बाल शिक्षा क्षेत्र में प्रशिक्षित पेशेवरों की अत्यावश्यक आवश्यकता को भी पूरा करता है। 1980 में स्थापित एसआईईएस-आईसीई ने अब तक 5,000 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है और इसके स्नातकों के लिए लगातार 100% प्लेसमेंट हासिल किया है। संस्थान के कार्यक्रमों में फाउंडेशनल ईयर टीचर ट्रेनिंग, काउंसलिंग, और स्पेशल एजुकेशन जैसे पाठ्यक्रम शामिल हैं, जिनमें ऑनलाइन डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्सेस की पहल भी की गई है। एसआईईएस-आईसीई को इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए व्यापक रूप से सराहा जाता है। अर्ली चाइल्डहुड डेवलपमेंट डिप्लोमा प्रोग्राम के लिए अब आवेदन खुले हैं, और 2025-26 के आगामी शैक्षणिक सत्र में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले नए बैच के साथ इसकी शुरूआत होगी। यह पहल उद्देश्यपूर्ण शिक्षा और समावेशी वित्तीय सहयोग का शक्तिशाली संगम है, जो शिक्षकों और उनके द्वारा तैयार किए जाने वाले बच्चों दोनों का भविष्य उज्ज्वल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# हेलियोन ने ठाणे में शुरू किया

## मोबाइल ओरल हेल्थकेयर क्लिनिक

**ठाणे।** सेंसोडाइन जैसे प्रसिद्ध ओरल केयर ब्रांड बनाने वाली कंपनी हेलियोन (पहले ग्लैक्सोस्मिथक्लाइन कंज्यूमर हेल्थकेयर) ने ठाणे में एक नया मोबाइल ओरल हेल्थकेयर क्लिनिक शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य उन इलाकों तक दंत स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना है जहाँ इनकी सुविधा कम है। यह क्लिनिक डॉक्टर्स फॉर यू संस्था के सहयोग से शुरू किया गया। उद्घाटन डॉ. वर्षा ससाने, डॉ. प्रशांत पाटिल, डॉ. अशोक ढोबले, श्री साकेत झा और हेलियोन की टीम ने किया। शानू सक्सेना, प्रमुख - सीएसआर, हेलियोन इंडिया ने कहा, हमारा मिशन है कि हर समुदाय को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले। ठाणे में जरूरतमंद लोगों तक



ओरल हेल्थ सेवा पहुँचाकर हम समाज को सशक्त बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह मोबाइल क्लिनिक हर साल लगभग 14,000 लोगों को लाभ पहुँचाएगा, जिसमें 9,000 से अधिक ओपीडी और 5,000 छात्रों को स्कूलों में दंत स्वास्थ्य कार्यक्रमों से लाभ मिलेगा। इस क्लिनिक में आधुनिक डेंटल चेयर, एक्स-रे मशीन, स्टरलाइजेशन सिस्टम जैसी तमाम जरूरी सुविधाएं मौजूद हैं। अब हेलियोन के पास दिल्ली-एनसीआर और मुंबई (ठाणे सहित) में कुल 6 मोबाइल ओरल हेल्थकेयर क्लिनिक संचालित हो रहे हैं। कार्यक्रम की सफलता के मूल्यांकन के लिए जीपीएस ट्रैकिंग, तस्वीरें, मरीजों का डेटा, और नियमित रिपोर्टिंग की जाएगी, ताकि सेवाओं की गुणवत्ता और पहुंच लगातार बेहतर होती रहे। हेलियोन की यह पहल दंत स्वास्थ्य को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वांछित फाउंडेशन टीम द्वारा 11वां अंतर्राष्ट्रीय

## योग दिवस वृद्धाश्रम में मनाया गया

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** वृद्धाश्रम में वांछित फाउंडेशन दिल्ली की संस्थापिका एवं योग आचार्या, डॉ. सुनीता मेहरोत्रा ने कहा, योग और संगीत एक दूसरे के पूरक है। 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21, जून,2025 के उपलक्ष में वांछित फाउंडेशन की टीम ने बाई पास वृद्ध आश्रम दिल्ली ने शाम 05:30 बजे से 07:00 बजे तक योग अभ्यास कराया। जिसका संचालन योग आचार्या डॉ सुनीता मेहरोत्रा ने किया। सभी ने बड़े प्रसन्न मन से योग किया तत्पश्चात संगीत दिवस होने पर सभी ने मिलकर नृत्य किया सभी बहुत प्रसन्न थे और पूरी टीम को अपना आशीर्वाद दिया। इस कार्यक्रम की शोभा और



बढ़ गई जब आदर्श नगर के विधायक श्री राजकुमार भाटिया, सिविल लाइन जोन की चेयरपर्सन श्रीमति सुमन शर्मा जीआजादपुर मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत मुखी जी का आगमन हुआ। सभी ने वृद्धजनों संग योग व नृत्य किया और खूब आनंदित हुए। डॉ. सुनीता मेहरोत्रा ने कहा कि 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21, जून,2025 का थीम Yog for Ofe Erth, Ofe Helth है। वांछित फाउंडेशन इसी थीम के प्रति समाज में जागरूकता अभियान योगा प्रदर्शन के माध्यम से संपूर्ण वर्ष जारी रखेगा। डॉ. सुनीता मेहरोत्रा ने कहा कि योग और संगीत एक दूसरे के पूरक है। हमें याद रखना चाहिए कि आज ही विश्व संगीत दिवस भी है, जिसे हर साल 21 जून को World Music Dy के रूप में मनाया जाता है और संगीत तो हमेशा से योग की ही क्रिया रही है क्योंकि जहां आसन और अभ्यास शारीरिक मजबूती के लिए जरूरी होते हैं तो इसी तरह मन के स्वास्थ्य के लिए और इसकी संतुष्टि के लिए संगीत जरूरी है। डॉ. सुनीता मेहरोत्रा ने अपना स्वयं का अनुभव भी बताया कि रात्रि में सोने से पहले संगीत सुनती हूं। जिससे मानसिक थकान दूर होती है और सकून से परिपूर्ण नींद आती है और प्रातः काल के योग से शरीर को ताजगी मिलती है। जीवन में योग और संगीत दोनो ही अनिवार्य है।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### कैफे की आड़ में देहव्यवसाय

साथ ही उन पर कार्रवाई कर लड़कियों को उनके माता-पिता को सौंप दिया गया है। इससे शहर में कैफे संचालकों में हड़कंप मच गया है। इस बीच कैफे में 200 रुपए में 1 घंटे के लिए केबिन में युवाओं को सीट मुहैया कराई जा रही थी। कुछ महीने पहले शहर की पुलिस ने कैफे के पीछे खट्टी-मीठी आशिकों का अड्डा चलाने वाले कुछ कैफे के खिलाफ सख्त कार्रवाई की थी और कुछ कैफे को सील भी किया था। लेकिन कार्रवाई बंद होने के बाद से कुछ कैफे संचालकों ने युवक-युवतियों को अश्लील हरकतों के लिए जगह देना शुरू कर दिया है। साथ ही, कुछ कैफे संचालक युवक-युवतियों को घंटों के हिसाब से केबिन मुहैया कराते हैं, जहाँ युवक-युवतियाँ घंटों लाइट बंद करके केबिन में बैठते हैं। कमिश्नरेट में भरोसा सेल की पुलिस इंस्पेक्टर दीप्ति ब्राह्मणे ने बताया कि उन्हें कुछ आदेशों की भी जरूरत होती है। प्राप्त सूचना के आधार पर दामिनी टीम की मदद से राजापेठ पुलिस थाने के बर्गर लैंड, फ्यूजन बाइट, कैफे और छत्री तालाब क्षेत्र में सुनसान जगह पर छापा मारा गया। इस कार्रवाई में 13 युवक-युवतियों को अवांछित स्थिति में पकड़कर थाने लाया गया। उनसे गहन पूछताछ की गई और उनके पहचान पत्रों का रिकॉर्ड लिया गया। सभी के खिलाफ पुलिस कार्रवाई की गई। लड़कियों के अभिभावकों को भी बुलाया गया और लड़कियों को उनकी हिरासत में दे दिया गया। इस कार्रवाई से शहर के कैफे संचालकों में हड़कंप मच गया है।

### तनख्वाह नहीं मिली तो युवक ने फूंक दिए मालिक के 2 ट्रक

कुछ महीनों पहले आकाश की लापरवाही से एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिससे मालिक को लगभग 40,000 रुपये का नुकसान हुआ। आकाश अपने 6 हजार रुपये की बकाया मजदूरी लगातार मांग रहा था, लेकिन सिदप्पा ने ट्रक हादसे के बहाने उसे टाल दिया। सोमवार को आकाश ने एक बार फिर 2 हजार रुपये की मांग की, लेकिन मालिक ने मना कर दिया। इससे बुरी तरह नाराज होकर वह पहले शराब पीने गया, और फिर उसी बोतल में पेट्रोल भरकर वापस लौटा। उसने मालिक के कार्यालय के पास खड़े दोनों ट्रकों के कैबिन में पेट्रोल डालकर आग लगा दी और मौके से फरार हो गया। संयोग से मालिक सिदप्पा ने उसे भागते हुए देख लिया और तुरंत पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही गंजीपेठ और कॉटन मार्केट दमकल केंद्र से दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियाँ मौके पर पहुँचीं। आग पर जल्द काबू पा लिया गया, लेकिन तब तक दोनों ट्रकों के कैबिन पूरी तरह जल चुके थे। इमामवाड़ा पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ आगजनी, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और आपराधिक साजिश के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नितिन गडकरी को पुलिस ने रोका

एक शनिवारवाड़ा से स्वर्गेट तक और दूसरी सरसबाग से शनिवारवाड़ा तक, जिसकी कुल लंबाई 2.5 किलोमीटर होगी। इन सुरंगों के भारी भीड़भाड़ वाले शिवाजी रोड और बाजीराव रोड के लिए वैकल्पिक मार्ग के रूप में बनाया जा रहा हैं। वर्तमान में, शिवाजी रोड शनिवारवाड़ा से स्वर्गेट तक यातायात ले जाता है, जबकि बाजीराव रोड से वाहन वापिस आते है। निरीक्षण का आयोजन कस्बा विधायक हेमंत रसाने के अनुरोध पर किया गया था, जो शनिवार पेठ में शनिवारवाड़ा के मुख्य द्वार पर मंत्री के साथ गए थे, जहां दो एकतरफा सड़कें मिलती हैं। नितिन गडकरी के ट्रैफिक में फंसने के बाद कथित तौर पर दौरा रद्द कर दिया गया था। हालांकि, भाजपा विधायक हेमंत रसाने ने स्थिति को स्पष्ट करते हुए कहा कि हमने उन्हें दिखाया कि परियोजना कहां शुरू होने की उम्मीद है और उन्हें विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि वे मामले का आगे अध्ययन करेंगे और जल्द ही अनुवर्ती चर्चा के लिए बुलाएंगे। विधायक रसाने ने बताया कि बढ़ते यातायात को देखते हुए, नागरिकों को असुविधा से बचाने और मंत्री की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए, पुलिस प्रशासन ने निरीक्षण को छोटा करने का सुझाव दिया। मंत्री सहमत हुए और बताया कि साइट का दौरा पुनर्निर्धारित किया जा सकता है। उन्होंने हमें आगे की चर्चा के लिए बाद में मिलने के लिए प्रोत्साहित किया।

### 5वीं से 8वीं तक हिंदी की अनिवार्यता खत्म

मंत्री शेलार ने कहा कि राज्य में में चल रही चर्चाओं को अतार्किक, अनुचित और अवास्तविक बताते हुए कहा कि हम मराठी और छात्रों के हितों के कट्टर समर्थक हैं। हम हिंदी के मुद्दे पर राज्य में चल रही चर्चाओं का स्वागत करते हैं। कुछ गलतफहमियों के कारण जो आलोचनाएं हो रही हैं, लोकतंत्र में वह भी अपेक्षित हैं और कुछ लोग आंदोलन की भूमिका में हैं तो यह उनका स्वाभाविक अधिकार है। उन्होंने कहा कि अब तक कक्षा 5 से 8 तक हिंदी अनिवार्य थी और हमारी सरकार ने इसे हटाकर हिंदी भाषा को वैकल्पिक बना दिया है। अब वैकल्पिक भाषा के रूप में हिंदी सहित 15 भाषाओं की व्यवस्था की गई है। शेलार ने कहा कि तीन भाषाओं की शिक्षा का निर्णय बीजेपी सरकार ने नहीं लिया है। बल्कि इसके विस्तृत अध्ययन के लिए सरकार ने अधिकारियों का एक समूह नियुक्त किया था। इसके बाद भाषा और शैक्षणिक जगत के 450 विशेषज्ञों ने 1 वर्ष तक इस मामले का अध्ययन कर इसे तैयार किया। उनके द्वारा तैयार किया गया मसौदा आपत्तियों और सुझावों के लिए जनता के लिए उपलब्ध कराया गया।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर


## खबर संक्षेप

### केजरीवाल ने राज्यसभा जाने से किया इंकार



**नई दिल्ली।** लुधियाना पश्चिम विधानसभा उपचुनाव में आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार संजीव अरोड़ा की जीत हुई। इसके बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से पूछा गया कि क्या आप अब राज्यसभा जाएंगे तो उन्होंने स्पष्ट किया, 'मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं। पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति तय करेगी कि कौन राज्यसभा जाएगा।' विधानसभा हलका लुधियाना पश्चिमी उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की शानदार जीत पर पंजाब के सीएम भगवंत मान ने सभी को बधाई दी।

### सिंधु जल विवाद : ओआईसी ने मिलाया पाक से सुर

**इस्तांबुल।** इस्लामी सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की परिषद ने भारत-पाक के सिंधु जल समझौतों को जारी रखने पर जोर दिया है। 57 इस्लामी देशों के संगठन ओआईसी की तुर्की के इंस्ताबुल में रविवार को हुई बैठक में सिंधु जल संधि सहित पाक-भारत के बीच द्विपक्षीय समझौतों का सख्ती से पालन करने का आह्वान दोनों पक्षों से किया गया है। सीएफएम ने सिंधु समझौते के अलावा कश्मीर मुद्दे पर भी पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाया है। सीएफएम ने कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, ओआईसी के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की इच्छाओं के अनुसार कश्मीरी लोगों के आत्मनिर्णय अधिकार के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त करते हैं।

### तेजप्रताप ने कहा- 'मेरी जान को खतरा है'



**पटना।** बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीति गरमाई हुई है। लालू यादव के बड़े बेटे व बिहार सरकार के पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव ने मीडिया के सामने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। उनका कहना है कि वे खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं और उनकी जान को खतरा है। तेज प्रताप ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मेरी सुरक्षा बढ़ाई जाए, क्योंकि मेरी जान को खतरा

## स्वतंत्र रिपोर्टों में सामने आई है यह जानकारी

# जी7 समिट में ट्रंप को मिली थी धमकी- अमेरिका पर अटैक को तैयार बैठे हैं ईरानी 'स्लीपर सेल'

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

ईरान के परमाणु केंद्रों पर अमेरिकी सेना द्वारा किए गए भीषण हवाई हमलों ने ईरान-इजरायल युद्ध को और भयावह कर दिया है। खुफिया रिपोर्ट है कि ईरान ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को इन हमलों से पहले एक गंभीर चेतावनी दी थी कि यदि अमेरिका ने युद्ध में हस्तक्षेप किया, तो अमेरिका के भीतर 'स्लीपर सेल' ऐक्टिव किए जा सकते हैं। ट्रंप को यह संदेश कनाडा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान एक मध्यस्थ के माध्यम से पहुंचाया गया था। यह जानकारी एनबीसी और अन्य स्वतंत्र रिपोर्टों में सामने आई है। बता दें, हाल में अमेरिका ने ईरान पर हमला कर दिया है। अमेरिकी अटैक के बाद अब वाइट हाउस और संघीय जांच एजेंसी (एफबीआई) अब पूरी तरह सतर्क है। अमेरिकी सीमा सुरक्षा विभाग (सीबीपी) ने कहा है कि 'ईरानी स्लीपर सेल्स का ख़तरा पहले से कहीं अधिक है।' हालांकि फिलहाल तक किसी ठोस साजिश का प्रमाण नहीं मिला है, लेकिन रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि 'हज़ारों ईरानी नागरिकों को हाल के महीनों में अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करते हुए दर्ज किया गया है।'

**अमेरिकी अटैक के बाद अब एफबीआई है पूरी तरह सतर्क**

**ईरान का चल रहा है इजराइल व अमेरिका से युद्ध**

### हमले से पहले निगरानी

एफबीआई प्रमुख काश पटेल ने हमले से पहले ही अमेरिका में मौजूद संभावित ईरानी एजेंटों की गुप्त निगरानी के आदेश दे दिए थे। यह निर्णय उस समय लिया गया जब ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी कि यदि युद्ध में घसीटा गया, तो जवाब अमेरिका के अंदर से भी मिल सकता है।




### अमेरिका में सक्रिय हैं ये संगठन

शनिवार को अमेरिका ने फोर्डो, नतांज और इस्फ़हान स्थित ईरान के तीन प्रमुख यूरेनियम संवर्धन केंद्रों पर हमले किए। यह हमला बंकर-भेदी बमवर्षकों और मिसाइलों के माध्यम से किया गया और इसे अमेरिकी सेना ने "पूरी तरह सफल" बताया। कहा जा रहा है, ईरान भी स्लीपर सेल के जरिये अमेरिका को निशाना बनाने की फिराक में है। आपको बता दें, 'स्लीपर सेल' वे गुप्त एजेंट होते हैं जो किसी देश में सामान्य जीवन जीते हैं और गुप्त रूप से जासूसी, हमला या तोड़फोड़ करने के लिए तैयार रहते हैं। ये बाहरी तौर पर किसी आम नागरिक की तरह जीवन बिताते हैं, लेकिन आवश्यकता पड़ने पर इन्हें सक्रिय किया जाता है। रिपोर्टों के अनुसार, अमेरिका में ईरान समर्थित हिज़बुल्लाह संगठन से जुड़े संभावित स्लीपर सेल पहले से मौजूद हैं।

### इधर, पूर्व क्राउन प्रिंस का दावा

#### खामेनेई ईरान छोड़कर भागने की फिराक में



ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई पर सोमवार को जोरदार निशाना साधा। पेरिस में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उन्होंने दावा किया कि ईरान का इस्लामिक गणराज्य ढह रहा है और खामेनेई सहित दूसरे नेता देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने खामेनेई को संबोधित करते हुए कहा, 'आप पद छोड़ दें। अगर ऐसा करते हैं तो आपको निष्पक्ष सुनवाई और कानूनी प्रक्रिया का अधिकार मिलेगा।' पहलवी ने चेतावनी दी कि यदि पश्चिमी देश इस शासन को समर्थन देते हैं तो इससे और खूनखराबा व अराजकता फैलेगी, क्योंकि यह शासन अपमान के बाद आत्मसमर्पण नहीं करेगा। पूर्व क्राउन प्रिंस ने कहा कि वह राजनीतिक सत्ता की तलाश में नहीं हैं, बल्कि इस संकटकाल में ईरान को शांति, स्थिरता और लोकतांत्रिक परिवर्तन की ओर ले जाना चाहते हैं। उन्होंने ईरानी सेना और सुरक्षा बलों से अपील की कि वे पतन हो रहे शासन का साथ न दें। वे लोगों के साथ मिलकर इतिहास में अहम भूमिका निभाएं। पहलवी ने दावा किया कि शासन के कमांड और नियंत्रण ढांचे तेजी से टूट रहे हैं।

# घंटे तक प्लेन में फंसे रहे यात्री, जयपुर से दुबई की फ्लाइट रद्द




मुंबई हलचल / नई दिल्ली

एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान में तकनीकी खराबी के चलते जयपुर से दुबई जाने वाली एक फ्लाइट रद्द कर दी गई है। इस विमान में टेक ऑफ से ठीक पहले गड़बड़ी महसूस की गई। इसके बाद प्लेन को ठीक करने की सारी कोशिशें विफल रहीं। ऐसे में एयरलाइन ने की फ्लाइट IX-195 कैंसिल करने का फैसला किया।

यह फ्लाइट जयपुर से सुबह 5:30 बजे दुबई जाती है। सोमवार के दिन सुबह छह बजे फ्लाइट दुबई रवाना हो रही थी। प्लेन बोर्डिंग के बाद टैक्सी-वे तक चला गया था। इसके बाद कैप्टन को तकनीकी खराबी पता चली। करीब 4 घंटे तक प्लेन को ठीक करने की कोशिश की गई, लेकिन प्लेन सही नहीं हुआ। इस दौरान यात्री प्लेन के अंदर ही बैठे रहे। सूत्रों के मुताबिक कॉकपिट से जुड़ी थी तकनीकी खामी थी, जिसके कारण फ्लाइट कैंसिल करनी पड़ी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सभी पैसेंजर्स को रिफंड देने का फैसला किया है।

### अहमदाबाद हादसे के बाद सतर्क हुईं एयरलाइंस

गुजरात के अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया का एक विमान हादसे का शिकार हो गया था, इसमें 241 लोग मारे गए। इस घटना के बाद से एयर इंडिया समेत कई अन्य एयरलाइन विमानों में जांच को लेकर सख्ती बरत रही हैं।

# काशीपुर में अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी का पर्दाफाश, 32 नेपाली लड़के रिहा कराए गए, 3 आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर।** उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के काशीपुर में एक अंतरराष्ट्रीय मानव तस्करी गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। यहां नेपाल से बहला-फुसलाकर लाए गए 32 लड़कों को एक घर में बंद करके जबरन कंपनी के प्रोडक्ट्स बेचने के लिए मजबूर किया जा रहा था। पुलिस ने उन सभी को रिहा कराते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। दिल्ली स्थित एक कंपनी पर भी शिकंजा कसने की तैयारी की जा रही है। नेपाल दूतावास की शिकायत के आधार प शनिवार को उत्तराखंड पुलिस की एक टीम ने इस पूरे ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस टीम का नेतृत्व एसएसपी मणिकांत मिश्रा और दूतावास से जुड़े एक अधिकारी नवीन जोशी कर रहे थे। उनके मुताबिक, नेपाल के कई युवकों को सोशल मीडिया के जरिए नौकरी का झांसा देकर भारत लाया गया। इसके बाद उन्हें काशीपुर में बंधक बनाकर रखा गया। इसकी सूचना एसएसपी को दी गई।

उधम सिंह नगर के एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने काशीपुर क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। पुलिस टीम ने नेपाली अधिकारी नवीन जोशी के साथ मिलकर ओम विहार कॉलोनी स्थित एक मकान पर छापा मारा। इस मकान में महाराज सिंह उर्फ पप्पू नाम का व्यक्ति रहता था। पुलिस की छापेमारी के दौरान उस मकान के अंदर 32 नेपाली युवक मौजूद मिले, जिनमें से तीन नाबालिग लड़के थे। पुलिस की पूछताछ में सामने आया कि इन युवकों को नेपाल के धनगढ़ी इलाके के बीरेंद्र शाही ने फंसाया था। उसने सोशल मीडिया के ज़रिए संपर्क कर नौकरी और बेहतर भविष्य का सपना दिखाया। इसके बाद उन्हें भारत ले आया। यहां आने के बाद इन युवकों को जबरदस्ती लीड विजन ट्रेडिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम की कंपनी के लिए प्रोडक्ट बेचने को मजबूर किया गया। उन्हें बाहर जाने की इजाजत तक नहीं दी जाती थी।




## ड्रग्स के सौदागर...




**जकार्ता।** इंडोनेशिया में बड़ी संख्या में धरपकड़ अभियान चलाकर ड्रग्स और इस कारोबार में लिप्त लोगों को पकड़ा गया है। राजधानी जकार्ता स्थित इंडोनेशियाई सीमा शुल्क मुख्यालय में सोमवार को आरोपियों व मादक द्रव्य के साथ अफसर। गौरतलब है, इंडोनेशिया में बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार होता है। दुनियाभर में यह बदनाम है। यहां माफिया महिलाओं खासतौर से कमसिन लड़कियों के जरिये ड्रग्स की तसकरी को अंजाम देते हैं।

# हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में पंचायत चुनाव पर लगाई रोक

## *रोटेशन की प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं है आरक्षण*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

हाईकोर्ट ने उत्तराखंड में प्रस्तावित त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर रोक लगा दी है। मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान पाया कि आरक्षण रोटेशन की प्रक्रिया नियमों के अनुरूप नहीं अपनाई गई है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार से पूरे मामले में जवाब दाखिल करने के निर्देश दिए हैं। हाईकोर्ट ने यह निर्णय बागेश्वर निवासी गणेश दत्त कांडपाल एवं अन्य की ओर से दायर याचिकाओं पर सुनवाई के बाद दिया। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि राज्य सरकार ने 9 जून 2025 को पंचायत चुनावों के लिए नई



नियमावली जारी की और 11 जून को एक आदेश के जरिए पहले लागू आरक्षण रोटेशन को शून्य घोषित करते हुए नई रोटेशन प्रक्रिया लागू कर दी।

### अदालत का सख्त एक्शन

गौरतलब है कि बीते शुक्रवार को अदालत ने राज्य सरकार को स्थिति स्पष्ट करने के निर्देश दिए थे, लेकिन सरकार इस पर संतोषजनक जवाब देने में विफल रही। इसके विपरीत, राज्य सरकार ने मामले के न्यायालय में लंबित रहने के बावजूद चुनाव की तिथियां घोषित कर दीं। इस पर अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए पूरी चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

### राज्य सरकार की दलील

*राज्य सरकार की ओर से दलील दी गई कि इसी तरह के कुछ मामले हाईकोर्ट की एकलपीठ में भी विचाराधीन हैं। जबकि याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने स्पष्ट किया कि खंडपीठ के समक्ष 9 जून को जारी नियमावली को चुनौती दी गई है, जबकि एकलपीठ में केवल 11 जून के आदेश को चुनौती दी गई है।*

### याचिकाकर्ताओं का आरोप

*याचिकाकर्ताओं ने आरोप लगाया कि इस नए आरक्षण रोटेशन के चलते कुछ सीटें जो पहले ही तीन बार आरक्षित रह चुकी थीं, उन्हें इस बार भी आरक्षित कर दिया गया है, जिससे वे पंचायत चुनावों में भाग लेने से वंचित हो गए हैं।*

# कांग्रेस की मांग-दाहोद में सीमेंस कंपनी को दिए 26,000 करोड़ के अनुबंध की हो जांच

## उनके रेल मंत्री रहते सीमेंस को अनुबंध मिलना हितों के टकराव का आरोप लगाया कांग्रेस ने

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा गुजरात के दाहोद में लोकोमोटिव इंजनों के निर्माण के लिए सीमेंस कंपनी को दिए गए अनुबंध में पारदर्शिता की कमी और हितों के टकराव को लेकर गंभीर सवाल उठाते हुए संसदीय जांच की मांग की है। नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस नेता और पूर्व सांसद बृजेन्द्र सिंह ने कहा कि पिछले महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटित यह प्लांट सीमेंस के साथ किए गए 26,000 करोड़ रुपये के अनुबंध के तहत 11 साल की अवधि में 1,200 लोकोमोटिव इंजनों का निर्माण करने के लिए स्थापित किया गया है। लेकिन दावों के विपरीत इस प्लांट में केवल असेंबली, टेस्टिंग और कमीशनिंग हो रही है।

### दावा था प्रोडक्शन का, हो रही है असेंबलिंग



बृजेन्द्र सिंह ने दिसंबर 2022 में भारत सरकार द्वारा जारी विज्ञप्ति का हवाला दिया, जिसमें बताया गया था कि सीमेंस के साथ 26,000 करोड़ रुपये के लेटर ऑफ अवार्ड पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उस समय दावा किया गया था कि लोकोमोटिव इंजनों का पूरा उत्पादन दाहोद में होगा और यह प्लांट लगभग ढाई साल में तैयार हो जाएगा। यह भी कहा गया था कि रेलवे स्टाफ और इंजीनियर्स को इंजन निर्माण का प्रशिक्षण भारतीय रेलवे के डिपो विशाखापट्टनम, रायगढ़, पुणे और खड़गपुर में दिया जाएगा, जिससे दाहोद एक आधुनिक इंजीनियरिंग हब के रूप में उभरेगा और हजारों नौकरियां पैदा होंगी।

# ठगी करने वाला ई-मित्र संचालक आसिफ गिरफ्तार, 43 एटीएम कार्ड, पुलिस आईडी बरामद

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़ राजस्थान। जयपुर (डॉ चेतन ठठेरा)।** प्रदेश के नागौर थाना पुलिस ने गरीबों और भोले वाले ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने मेडिक्लेम का पैसा दिलाने जैसी योजनाओं में फायदा पहुंचाने के नाम पर ठगी करने वाले ईमित्र संचालक को गिरफ्तार कर उसके पास से 43 एटीएम कार्ड बड़ी संख्या में चेक बुक के पास बुके पैन कार्ड भामाशाह कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस और पुलिस विभाग का आईडी कार्ड तक बरामद किया है। नागौर पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस ने यह जानकारी देते हुए बताया कि सुरेश मेघवाल पुत्र साबुराम निवासी फिदौड़ ने साइबर थाने मे शिकायत दर्ज कराई थी कि करीब 12 महीने पहले उनकी बच्ची के बीमार होने के दौरान उनकी मुलाकात ई-मित्र संचालक आसिफ खान से हुई। कुछ समय बाद वह खुद करंट लगने से अस्पताल में भर्ती हुआ तो आसिफ ने उसे अनुसूचित जाति का होने और करंट लगने का क्लेम दिलवाने का झांसा दिया। आसिफ ने उससे आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, पैन कार्ड सहित बैंक पासबुक और फोटो सहित व अन्य दस्तावेज मांगे। यही नहीं आसिफ ने उससे एक नई मोबाइल सिम भी ली और उसके नाम पर मरुधर



ग्रामीण बैंक और महाराष्ट्र बैंक में नए खाते खुलवाए। धोखाधड़ी से आसिफ ने उसकी (सुरेश) की बैंक पासबुक, एटीएम कार्ड और चेक बुक अपने पास रख ली। सुरेश ने रिपोर्ट मे बताया की उसको इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि आसिफ उनके खातों का इस्तेमाल धोखाधड़ी के लिए करेगा। जब पुलिस का नोटिस आया, तब उसे पता चला कि उनके बैंक खातों में फ्रॉड की राशि जमा हुई है और उनके खिलाफ शिकायत दर्ज है। आसिफ ने सुरेश के दस्तावेजों और बैंक खातों का दुरुपयोग कर लाखों रुपये की ठगी को अंजाम दिया। सुरेश की इस शिकायत रिपोर्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी आसिफ खान पुत्र अहसान खान (35) निवासी बासनी चौराया थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। आसिफ एक ई-मित्र संचालक भी है और 'साइबर वर्ल्ड इंटरनेट कैफे, मानसिर, नागौर' से अपना धंधा चलाता था। पुलिस ने आसिफ के कब्जे से अलग-अलग बैंकों के 43 एटीएम कार्ड, 06 चेक बुक, 04 पासबुक, 02 पैन कार्ड, 01 भामाशाह कार्ड, 01 वाहन चालक लाइसेंस और 01 पुलिस विभाग का पहचान पत्र भी जब्त किया है। आरोपी को न्यायालय के आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।

### अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने कहा

# ईरान को भेजी गई एक लाख टन बासमती चावल की खेप भारतीय बंदरगाहों पर अटकी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

इजरायल-ईरान संघर्ष के कारण ईरान जाने वाला लगभग 1,00,000 टन बासमती चावल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। अखिल भारतीय चावल निर्यातक संघ ने सोमवार को यह जानकारी दी। संघ के अध्यक्ष सतीश गोयल ने कहा कि ईरान जाने वाला लगभग 1,00,000 टन बासमती चावल फिलहाल भारतीय बंदरगाहों पर फंसा है।

भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 18-20 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। गोयल ने बताया कि निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी है, जहां पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न ही बीमा।

## वित्तीय तनाव पैदा हो सकता है

गोयल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय संघर्ष, आमतौर पर मानक शिपिंग बीमा पॉलिसियों के तहत कवर नहीं होते हैं, जिससे निर्यातक अपनी खेप भेजने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि निर्यात खेप में देरी और भुगतान को लेकर अनिश्चितता गंभीर वित्तीय तनाव पैदा

**भारत के कुल बासमती चावल निर्यात में ईरान की 20 फीसदी हिस्सेदारी**

**निर्यात खेप मुख्य रूप से गुजरात के कांडला और मुंद्रा बंदरगाहों पर रुकी**

**ईरान जाने वाले माल के लिए न तो जहाज उपलब्ध हैं और न ही बीमा**

## कीमतें पहली ही पांच रुपए प्रति किग्रा गिर चुकी

संघ के अध्यक्ष ने कहा कि घरेलू बाजार में बासमती चावल की कीमतें पहले ही चार-पांच रुपये प्रति किलोग्राम तक गिर चुकी हैं।इस मुद्दे पर संघ, कृषि-निर्यात संवर्धन निकाय एपीडा के संपर्क में है। उन्होंने कहा कि संकट पर चर्चा के लिए 30 जून को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ बैठक निर्धारित है। सऊदी अरब के बाद ईरान भारत का दूसरा सबसे बड़ा बासमती चावल बाजार है।



## 2024-25 के दौरान 60 लाख टन बासमती चावल निर्यात

भारत ने मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान ईरान को लगभग 10 लाख टन सुगंधित अनाज का निर्यात किया। भारत ने 2024-25 के दौरान लगभग 60 लाख टन बासमती चावल का निर्यात किया, जिसकी मांग मुख्य रूप से पश्चिम एशिया और पश्चिम एशियाई बाजारों से प्रेरित थी।

## भुगतान में देरी के संकट से जूझ रहे हैं चावल निर्यातक

हरियाणा के चावल निर्यातक जहाज की आवाजाही में बड़ी रुकावट और भुगतान में देरी के संकट से जूझ रहे हैं। ईरान को देश के बासमती चावल निर्यात में हरियाणा के निर्यातकों का हिस्सा 30 प्रतिशत है। जहां करनाल बासमती निर्यात का मुख्य केंद्र है, वहीं कैथल और सोनीपत भी विदेशी मांग में अपना योगदान करते हैं।

## हरियाणा की हिस्सेदारी करीब 30 से 35 फीसदी

चावल निर्यातक संघ की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील जैन ने कहा, ''ईरान-इजराइल संघर्ष ने व्यापार को प्रभावित किया है।'' उन्होंने कहा, ''देश से ईरान को करीब 10 लाख टन बासमती चावल निर्यात किया जाता है, जिसमें हरियाणा की हिस्सेदारी करीब 30-35 प्रतिशत है।'' उन्होंने कहा कि ईरान के लिए करीब एक लाख टन बासमती चावल की खेप बंदरगाहों पर फंसी हुई है।

## 2000 करोड़ की राशि अटकी हुई

भारतीय निर्यातकों द्वारा ईरान को निर्यात किए गए लगभग दो लाख टन चावल के लिए 1,500 करोड़ रुपये से 2,000 करोड़ रुपये की राशि का भुगतान भी संघर्ष के कारण अटका हुआ है। उन्होंने कहा कि संघर्ष बढ़ने से भारतीय बाजार पर असर पड़ने वाला है, जहां पहले से ही कीमतों में कुछ गिरावट देखी जा रही है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## एव्हरेस्टवीरांगना सुविधा कडलग का संकल्पमय सप्ताह

# सांसद रक्षा खडसे से आत्मीय भेंट और अंगदान का जीवनदायी निर्णय





**मुंबई हलचल / संवाददाता**

**ठाणे।** भारत की संस्कृति को एवरेस्ट की चोटी तक पहुंचाने वाली एव्हरेस्टवीरांगना सुविधा कडलग ने बीते सप्ताह दो प्रेरणादायक कार्यों के माध्यम से समाज में जागरूकता और सेवा की नई ऊँचाइयों को छू लिया। उन्होंने एक ओर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सांसद मान. रक्षा ताई खडसे से भेंट कर सामाजिक संवाद को नया आयाम दिया, वहीं दूसरी ओर 'लोकमत जीवनदान मॉनसून रन' से प्रेरणा लेकर अंगदान हेतु पंजीकरण कर एक संवेदनशील और साहसी निर्णय लिया।

### योग दिवसः सम्मान और संवाद का क्षण

20 जून की संध्या, सुविधा कडलग के लिए अत्यंत विशेष रही जब उन्हें व्यस्त कार्यक्रम के बीच लोकसभा सांसद रक्षा ताई खडसे से भेंट का अवसर मिला। इस आत्मीय मुलाकात में सुविधा जी ने महिलाओं और ग्रामीण युवाओं को पर्वतारोहण के जरिए आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रशिक्षित करने के अपने प्रयास साझा किए। ताई ने विषय को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों से संवाद करवाया और अगले दिन योग दिवस कार्यक्रम में सहभागी बनने के लिए आमंत्रित किया। यात्रा की थकान, पूर्व योजना और पोशाक की कमी के बावजूद, सुविधा जी ने इस निमंत्रण को सौभाग्य मानते हुए पूरे समर्पण के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। मंच पर स्थान न मिलने के बावजूद, उन्होंने कर्मचारियों के बीच बैठकर कार्यक्रम की गरिमा को आत्मसात किया, और ताई द्वारा प्राप्त आत्मीय स्नेह को एक अमूल्य सम्मान माना।

### अंगदानः मृत्यु के बाद जीवन देने का संकल्प

22 जून को ठाणे में आयोजित 'लोकमत जीवनदान मॉनसून रन' में सहभागी बनकर सुविधा कडलग को अंगदान जैसे विषय की गंभीरता का अनुभव हुआ। इस सामाजिक पहल और सौरभ तथा फिट लाइफ टीम की प्रेरणास्पद सोच से प्रभावित होकर, उन्होंने उसी दिन अंगदान के लिए स्वयं का पंजीकरण किया।

**'अगर मेरा शरीर किसी का जीवन बचा सके, तो वही मेरी ज़िंदगी का सबसे ऊँचा 'समिट' होगा।'**
**– सुविधा कडलग**

### एवरेस्ट से आगे – अब समाज की ऊँचाइयाँ जीतने का प्रण

एवरेस्ट फतह कर चुकीं सुविधा कडलग का सफर यहीं नहीं रुका है। वे हीरकणी फाउंडेशन के माध्यम से बेटियों, महिलाओं और युवाओं को साहसिक खेलों, नेतृत्व व आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रशिक्षित कर रही हैं। अब उन्होंने अंगदान जैसे जीवनदायिनी विषय को भी अपने अभियानों का हिस्सा बना लिया है।

**'हम पहाड़ जीतते हैं, लेकिन अंगदान के जरिए किसी को नया जीवन देना-यही सच्ची विजय है।'**
**– सुविधा कडलग**



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# आर्मी कैडेट्स के साथ वरुण ने किया ऐसा चैलेंज

**बॉलीवुड एक्टर** वरुण धवन इन दिनों अपनी अपकमिंग वॉर फिल्म ह्यबॉर्डर 2ह्न को लेकर खूब चर्चा में हैं। फिल्म की शूटिंग जोरों पर है और फिलहाल वरुण धवन पुणे स्थित नेशनल डिफेंस अकैडमी में तीसरे शेड्यूल की शूटिंग कर रहे हैं। इस बीच वरुण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक ऐसा वीडियो शेयर किया है जिसने फैंस का दिल जीत लिया है। इस वीडियो में वरुण धवन आर्मी यूनिफॉर्म में नजर आ रहे हैं और उनके चारों ओर भारतीय सेना के युवा कैडेट्स खड़े हैं। वरुण इन कैडेट्स के साथ जमीन पर पुश-अप्स करते दिख रहे हैं। चैलेंजिंग माहौल, देशभक्ति की भावना और जवानों का जोश सब मिलकर वीडियो को बेहद खास बना रहे हैं। वरुण ने चैलेंज पूरा करने के बाद कुछ कैडेट्स को गले लगाया और उनसे बातचीत भी की, जिससे यह पल और भी भावुक बन गया। वीडियो के साथ वरुण ने कैप्शन में लिखा, ह्लबॉर्डर 2ङ्घ हमारे सारे यंग कैडेट्स के साथ चैलेंज।ह्व फैंस ने इस वीडियो पर प्यार बरसाते हुए कमेंट किया झ्र ह्लआप पर गर्व है!ह्व, ह्लआप बीएसएफ जवान लग रहे हो।ह्व वहीं कुछ यूजर्स ने कहा कि वरुण को आर्मी रोल में देखना उनके लिए एक प्रेरणादायक अनुभव होगा।पिछले हफ्ते फिल्म के मेकर्स ने एक ग्रुप फोटो शेयर की थी जिसमें वरुण धवन, सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी नजर आए थे। इसी के साथ यह कंफर्म हुआ था कि ह्यबॉर्डर 2ह्न का तीसरा शेड्यूल पुणे में शुरू हो चुका है।

# हिना खान ने बताया इलाज का खर्चा

**टेलीविजन** की मशहूर अदाकारा हिना खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी और साहसिक जज्बे को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में हिना खान ने ब्रेस्ट कैंसर की बीमारी से जूझने की बात सार्वजनिक की, जिसने उनके लाखों चाहने वालों को चौंका दिया। अब हिना ने खुलकर अपने इलाज, आर्थिक दबाव और मानसिक संघर्ष पर बात की है। हिना खान ने एक इंटरव्यू में बताया कि मैं अंबानी तो हूं नहीं, ऐसा नहीं है कि मेरे पास बेहिसाब पैसा पड़ा है। हां, मैं खुद की मेहनत से एक फाइनेंशियली इंडिपेंडेंट महिला जरूर बनी हूं। लेकिन कैंसर जैसी बीमारी का इलाज बहुत खर्चीला होता है, और ये किसी के लिए भी आसान नहीं होता। उन्होंने यह भी जोड़ा कि एक कलाकार के लिए, खासकर टीवी इंडस्ट्री में काम करने वाली एक्ट्रेस के लिए, गुड लुक्स बहुत मायने रखते हैं। कैंसर का इलाज ना सिर्फ शरीर को, बल्कि मानसिक रूप से भी झकझोर देता है। हिना खान ने आगे बताया कि मैं जिस मीडियम से आती हूं, वहां चेहरा ही आपकी पहचान है। लेकिन बीमारी के साथ काम करते रहना मेरे लिए जरूरी था। मैं रुकती नहीं हूं। हिना खान ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल से शादी की है। दोनों की जोड़ी लंबे वक्त से फैंस के बीच पसंद की जाती रही है। अब ये कपल रियलिटी शो पति, पत्नी और पंगा में साथ नजर आने वाला है, जिसे सोनाली बेंद्रे होस्ट करेंगी। हिना की इस बहादुरी को सोशल मीडिया पर खूब सराहा जा रहा है। वे लगातार अपने कैंसर ट्रीटमेंट से जुड़ी जानकारी फैंस के साथ शेयर करती हैं, चाहे वो हॉस्पिटल की फोटोज हों या खुद का मोटिवेशनल वीडियो।



